Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the Education Minister to open a Kendriya Vidyalaya in Jhanjharpur, Bihar.

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर): महोदय, मैं अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली समझता हूँ कि आपने मुझे जीरो ऑवर में दो मिनट बोलने का समय दिया है ।… (व्यवधान) मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूँ ।

महाशय, मैं मधुबनी जिला झंझारपुर से आता हूँ । वहाँ दो संसदीय क्षेत्र हैं । वहाँ कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है और वर्षों से इसकी माँग हो रही है । वहाँ से बहुत बार इसके लिए पत्र लिखा गया है, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया है । मैं इससे पहले जाकर जिला पदाधिकारी से मिला, उन्होंने बताया कि मैं दो-चार बार मानव संसाधन विभाग को पत्र लिख चुका हूँ, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि हमारा क्षेत्र नेपाल के बॉर्डर पर अवस्थित है । वहाँ एसएसबी की दो बटालियन हैं, वहाँ कस्टम के पदाधिकारी हैं, आई.बी. के पदाधिकारी हैं । वहाँ बच्चों को पढ़ने में बहुत दिक्कत पैदा हो रही है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि वहाँ कम से कम एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए । धन्यवाद ।